## महत्वपूर्ण एवं खास

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर (आरएनएस)।** मोवा और मौदहापारा थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौलीपारा तेलीबांधा निवासी संजू साहू ने मोवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलपी 0532 को जिला अस्पताल पंडरी के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में गुरूनानक चौक निवासी सैयद मोहम्मद जुनैद ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमडी 6227 व सीजी 04 एमजेड 0597 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए दोनों एक्टिवा की कीमत करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर, स्वाभिमान से जीने का मिला अवसर

**मोहला (आरएनएस)।** किसी भी व्यक्ति के जीवन के लिए पैसे का बड़ा अहमियत होता है। पैसा ही वह सहारा होता है, जिससे वह अपने इच्छाओं को पूरा कर सकता है। जरूरत चाहे छोटी-छोटी हो या बड़ी। हर चीज के लिए पैसे की बड़ी अहमियत होती है। महिलाओं को अपने दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पैसे की आवश्यकता तो होती है, ऐसे में महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए कारगर साबित हो रहा है। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से महिलाएं अपनी इच्छाओं को पूरी कर रही है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत 82 हजार से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। इन महिलाओं के लिए योजना कारगर साबित हो रहा है। जिससे वह अपनी इच्छाओं को पूरी कर जीवन में उल्लास ला रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भरता के साथ स्वाभिमान पूर्वक जीवन जीने की राह प्रशस्त हुआ है। योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि से महिलाएं अपने दैनिक आवश्यकताओं के साथ-साथ घर गृहस्ती की वस्तुओं की खरीदारी करने के साथ ही अपने बच्चों की देखरेख के लिए खर्च कर रही है। विकास खंड मानपुर के ग्राम बेलगांव निवासी अनीता विश्वास ने बताया कि उसे हर महीने उसके खाते में 1000 रूपये की राशि मिल रही है। वह इस राशि को लेकर बेहद उत्साहित है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि से वह अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ ही अपनी जरूरत को पूरा कर रही है। योजना के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को लिया चपेट में, एक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा-चांपा रिंग रोड पर नकटीखार बाजार के पास पिछली रात एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही दो लोग बाल बाल बच गए जिन्हें मामूली चोंटे आई है। इस घटना के बाद देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई .इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घटना देर रात की है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत यह घटना हुई। जानकारी के मुताबिक नकटीखार निवासी 28 वर्षीय विकेश कुमार,लक्ष्मी उरांव, छोटू तीनों बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान नकटीखार बाजार चैक के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेलर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। इस हादसे में बाइक चला रहे विकेश कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वही दो युवकों को मामूली चोटे आई हैं। इस घटना से नाराज लोग सडक पर ही बैठ गए।

# विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा हमारा छत्तीसगढ़ : लखनलाल देवांगन

### रंगारंग प्रस्तुति के साथ राज्योत्सव का हुआ आगाज

**कोरबा** | आरएनएस

उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लखनलाल देवांगन ने राज्योत्सव 2024 के अवसर पर डा. भीमराव अम्बेडकर ओपन ऑडिटोरियम कोरबा में आयोजित समारोह में उपस्थित जनसमूह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में गरीब, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं समेत सभी वर्ग के हित के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित की है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के लोग इसका लाभ उठा रहे हैं और राज्य के विकास में अपना अहम योगदान भी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अनेक योजनाएं साकार रूप लेकर लोगों को लाभान्वित कर रही है। उन्होंने राज्य निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की भूमिका को याद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना से गांव शहर से जुड़ गया है। जिले के अनेक गांव आज विकास की राह में है।

मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रदेष में अब डबल इंजन की सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को प्रदेष में पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बनते ही प्रदेष में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास हेतु राषि जारी की गई है। किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की गारंटी को पूरा करते हुए सरकार ने 145 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की। प्रदेष के किसानों को दो वर्ष के बकाया बोनस के रूप में 3,716 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सषक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना से हर महीने 70 लाख माताओं और बहनों को 01-01 हजार रूपए की सहायता राषि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महतारी सदन का निर्माण कराया जा रहा है। आदिवासियों और वनवासियों की आमदनी की वृद्धि के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रूपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए मानक बोरा कर दी गई है। मंत्री देवांगन ने उद्योग, श्रम विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को लाभ उठाने की अपील करते हुए राज्योत्सव स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में जाकर विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास में यहां के नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए सभी को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी।

कार्यक्रम में उपस्थित विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल ने कहा कि प्रदेष के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगातार विकास के कार्य कर रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ के लोगों को आगे बढ़ाने की दिषा में काम करते हुए योजनाएं बना रहे हैं। प्रदेष में गरीब, श्रमिक, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने की दिषा में कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ भी प्रधानमंत्री की संकल्पना को पूरा करने की दिषा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष षिवकला कंवर और कलेक्टर अजीत वसंत ने भी संबोधित किया। कलेक्टर वसंत ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं मंत्री के निर्देषन में जिले में षासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिष्चित किया जा रहा है। अधिकारी-कर्मचारी की सहभागिता से योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत फण्ड का सदुपयोग जिले में षिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य महत्वपूर्ण आवष्यकताओं हेतु खर्च करने की बात कही। इस अवसर पर सभापति ष्याम सुंदर सोनी, पार्षद सुखसागर निर्मलकर, नरेंद्र देवांगन, पूर्व विधायक ष्याम लाल कंवर, पूर्व महापौर जोगेष लांबा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ दिनेष कुमार नाग आदि उपस्थित थे।

**विभागीय स्टॉल का किया अवलोकन -** राज्योत्सव स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा षासन की योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों पर आधारित स्टॉल लगाए गए थे। मुख्य अतिथि देवांगन सहित अन्य अतिथियों द्वारा सभी स्टॉल का अवलोकन किया गया और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी तथा गतिविधियों को देखा। उन्होंने राज्योत्सव स्थल पर सजाए गए रंगोली एवं छत्तीसगढ़ के मानचित्र के साथ जलाए गए दीप का भी अवलोकन किया।

**छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी सहित अन्य कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति-** राज्योत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। स्थानीय कलाकारों के साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी,अंतरराष्ट्रीय कथक कलाकार प्रीति चंद्रा,अश्विक साव द्वारा कथक, पार्थ यादव द्वारा तबला, अनीश म्यूजिक़ल ग्रुप द्वारा सुगम संगीत प्रस्तुति दी गई। देर रात्रि तक छत्तीसगढ़ी गायक सोनी के गीतों पर दर्षक झूमते नजर आए।

## आउटर में ट्रकों पर कार्यवाही, नो पार्किंग में पुलिस का कड़ा प्रहार

**रायपुर** | आरएनएस

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में डॉ. अनुराग झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात एवं गुरजीत सिंह व सुशांतो बनर्जी उप पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात टाटीबंध, भनपुरी, पचपेड़ीनाका एवं फाफाडीह द्वारा पुलिस थाना प्रभारियों के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाकर रायपुर -बिलासपुर हाइवे में मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड में अवैध पार्किंग करते हुए लोकमार्ग में बाधा डालकर खतरनाक एवं असुरक्षित तरीके से राहगिरों के लिए दुर्घटना का कारण बनने वाले ट्रकों/भारी वाहनों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत कार्यवाही किया गया एवं थाना आमानाका, कबीर नगर, तिल्दा नेवरा में अपराध पंजीबद्ध कराया गया है।

इसी प्रकार हाइवे रायपुर-अभनपुर में यातायात पचपेड़ीनाका प्रभारी द्वारा थाना माना एवं टिकरापारा प्रभारी के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। बता दें की हाइवे में मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड में वाहन चालकों द्वारा असुरक्षित तरीके से वाहन खड़ा करने के कारण लगातार सडक़ दुर्घटनाओं में लोग प्रभावित हो रहे है। पुलिस द्वारा कई बार मोटरयान अधिनियम की कार्यवाही करने के उपरांत भी वाहन चालकों पर कार्यवाही का असर परिलक्षित नही हुआ इसलिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में ऐसे वाहन चालकों पर कड़ाई से कार्यवाही करने अभियान चलाया गया।

जिसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वाहन जप्त कर प्रकरण निराकरण हेतु माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। थाना आमानाका, कबीर नगर में भारी वाहन ट्रक क्रमांक जी.जे.05बीजेड0929, सीजी-21 जे-3672, आर.जे.-14-जीई-0279, सीजी04एलएन5173, यूपी86एटी3275, सीजी10बीयू8075, एमएच26एडी2392, एवं थाना तिल्दा नेवरा में वाहन क्रमांक सीजी04जेडी 0436, यूपी70एफटी9837, डबल्यूबी-37-डी7287, सीजी04एलएफ7788, सीजी11एके9312, एपी-39पीए-7779, एपी39यूएम3839, एपी-39डबल्यू-8288 तथा दिनांक 05.11.2024 को थाना खमतराई में सीजी10आर0963, एमएच16सीई9273, एमएच46बीयू8688, थाना कबीरनगर में एमएच03डीवाय6783, सीजी08बीवाय4441, सीजी08एटी7741, एमएच13ईएफ9005, सीजी18के2478, सीजी07सीके8942, एचआर56सी5260, थाना तिल्दा नेवरा में ट्रक क्रमांक सीजी 10 बी एस 5118,थाना प्रभारी

यातायात पचपेड़ीनाका द्वारा थाना टिकरापारा में वाहन क्रमांक यूपी71टी 8137 व माना में टीएन30सीए8094 कुल 38 ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत लोकमार्ग में बाधा डालकर अवैध पार्किंग करने के कारण वाहन जप्त कर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। यातायात पुलिस एवं थाना पुलिस का हाइवे में अवैध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों पर अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जाएगी। भारी वाहन चालकों एवं ट्रांसपोटर्स से अपील है कि अपने वाहनों को किसी भी हाइवे में अनावश्यक रूप से पार्किंग न करावें। निर्धारित पार्किंग स्थल/ ट्रांसपोर्ट नगर में वाहन खड़ा करें।

## कलेक्ट्रेट परिसर से साउंड सिस्टम चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

**रायपुर** | आरएनएस

राजधानी रायपुर के कलेक्ट्रेट परिसर से साउंड सिस्टम चोरी करने वाले एक शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा चोरी का सामान बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरीश चंद्र श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह यश एल.ई.डी. टेक्नोलॉजी में स्टोर कीपर का काम करता है। 15 अगस्त त्यौहार के अवसर पर उसके द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के टाउन हॉल में साउंड सिस्टम लगवाया गया था, जो किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में धारा 331(4), 305(2) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा गोलू पटेल को पकडक़र पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

## आगजनी घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजे जेल

**गरियाबंद** | आरएनएस

दीपावली त्योहार के बीच किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा वाहन छोटा हाथी को आग के हवाले किए जाने के आरोपी को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया।घटना के विषय में कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार एक नवंबर को प्रार्थी प्रमोद कुमार सिंहा के द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया की 31 अक्टूबर और 1 नवंबर के देर रात को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसका वाहन छोटा हाथी में किसी के द्वारा आग लगाकर पूरी वाहन को जला दिया है।चुकी घटना गंभीर होने के चलते कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश यादव के द्वारा घटना पर आगजनी की धारा कायम कर अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली से प्रधान आरक्षक रामकृष्ण साहू, डीगेश्वर साहू और भूषण नागेश की टीम बनाकर आरोपी का पतातलाश प्रारंभ किया गया।वही घटना की विवेचना के दौरान प्रार्थी ने बताया कि आगजनी के पूर्व प्रार्थी का वार्ड नंबर 11 निवासी गिरीराज चक्रधारी पिता हरिद्वारिका चक्रधारी के साथ झगड़ा हुआ था।इस जानकारी के आधार पर आरोपी गिरीराज चक्रधारी की पता तलाश प्रारंभ किया गया जिससे पुलिस टीम को विश्वत मुखबिर से आरोपी की जानकारी दिया गया,तब पुलिस टीम द्वारा आरोपी को नगर के छीन तालाब के समीप गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना करने को स्वीकार करते हुए बताया कि उसी के द्वारा देर रात को चटाई में आग लगाकर वाहन के नीचे फेंककर वाहन को जलना स्वीकार किया,इस बयान के आधार पर आरोपी को आगजनी करने की धारा के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए जेल भेजे।

## एनआईटी-रायपुर की टीम ने जीता राज्यस्तरीय राउंड आरबीआई 90 क्विज़ प्रतियोगिता

**रायपुर** | आरएनएस




भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा आज मंगलवार को रायपुर में आयोजित राज्?यस्?तरीय आरबीआई90 क्विज़ प्रतियोगि?ता में एनआईटी-रायपुर की टीम विजेता बनी। एनआईटी टीम का प्रतिनिधित्व प्रभात शर्मा एवं शिवांश पटले ने किया।

दूसरे स्थान पर आईसीएफएआई महाविद्यालय की टीम रही जिसमें आदित्य सिंह एवं सृष्टि शर्मा शामिल थे और सीएसवीटीयू की टीम में शामिल अर्पण ताम्रकार एवं आशीस वैद्य तीसरे स्थान पर रहे। शीर्ष तीन टीमों के लिए पुरस्कार राशि 2 लाख, 1.5 लाख और 1 लाख निर्धारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के लिए आरबीआई90क्विज़ का राज्यस्तरीय राउंड होटल बेबीलोन इंटरनेशनल, रायपुर में आयोजित किया गया, जिसमें 90 टीमों के 180 छात्रों ने भाग लिया। राज्यस्तरीय राउंड की विजेता टीम 21 नवंबर 2024 से 4 दिसंबर 2024 के बीच होने वाले ज़ोनल राउंड में प्रतिस्पर्धा करेगी। राष्ट्रीय फाइनल दिसंबर 2024 में मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

बता दें कि भारतीय रिज़र्व बैंक इस वर्ष 90वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस विशेष अवसर पर वर्ष देशभर में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में, आरबीआई द्वारा अंडर-ग्रैजुएट छात्रों के लिए आरबीआई 90 क्विज़ नाम से राष्ट्रव्यापी सामान्य ज्ञान- आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शुरू की गयी है। आरबीआई90क्विज़ एक टीम आधारित प्रतियोगिता है, जो कई चरणों में आयोजित की जा रही है। ऑनलाइन चरण 19-21 सितंबर, 2024 को आयोजित किया गया था। ऑनलाइन चरण में प्रदर्शन के आधार पर, राज्यस्तरीय राउंड में भाग लेने के लिए कॉलेज टीमों का चयन किया गया था।

## बदमाशों ने किया फैक्ट्री में हमला: तोड़फोड़ व आगजनी, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा** | आरएनएस

पोड़ी बहार में रहने वाले प्रफुल्ल गुप्ता कूलर व आलमारी की फैक्ट्री का संचालन करते हैं। सोमवार की रात को करीब 11 बजे वे फैक्ट्री से पास में ही स्थित निवास में चले गए। फैक्ट्री में अनीश सिंह बाल्मिकी मौजूद था। वह मालवाहक वाहन भी चलाता है। प्रफुल्ल के पास रात करीब एक बजे कर्मचारी ने मोबाइल पर सूचना दी कि कुछ लोग बलपूर्वक फैक्ट्री का मेन दरवाजा तोड़ कर अंदर घुस आए हैं और तोड़ फोड़ कर सामानों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। यह सुन प्रफुल्ल तत्काल घर से निकल कर फैक्ट्री पहुंचे। इस बीच उन्होंने देखा कि कुछ अज्ञात लोग फैक्ट्री के पास से एक कार में सवार होकर तेज रफ्तार में भाग रहे हैं।

फैक्ट्री पहुंचने पर संचालक ने देखा कि कूलर और कुछ अन्य फर्नीचर में आग भी बदमाशों ने लगा दिया था। किसी तरह आग को बुझा कर और अधिक हानि होने से बचाने का प्रयास कर्मचारी व कुछ अन्य लोगों के सहयोग से किया। इस घटना की सूचना पर मंगलवार को सिविल लाइन रामपुर थाना से पुलिस के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। भागने से पहले बदमाश फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिए। अज्ञात आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने आगजनी व तोडफ़ोड का अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कर्मचारी अनीश सिंह ने पुलिस को बताया है कि हमलावर उसकी पिटाई करने जैसे आगे बढ़े, वह एक कमरे में खुद को सुरक्षित बंद कर लिया। दरवाजा तोडऩे का भी प्रयास हमलावरों ने किया, पर वे असफल रहे। उसके बाद तोडफ़ोड कर फैक्ट्री में नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। आरोपित बार- बार पूछ रहे थे कि यह मालवाहक वाहन तुम चलाते है, अभी तुम सामान लेकर आए हो। अनीश का कहना है कि वह रात 10 बजे आखिरी बार सामान की आपूर्ति कर वाहन लेकर फैक्ट्री पहुंचा था, पर इस बात पर हमलावर विश्वास नहीं किए।

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला तो कार में पहुंचे हमलावर नजर आए। इसके माध्यम से आरोपितों तक पहुंचने का प्रयास पुलिस कर रही है। कार में पांच लोग पहुंचे थे, जबकि एक स्कूटी में कुछ लोग घटनास्थल पर नजर आए। संचालक प्रफुल्ल ने बताया कि करीब दो लाख से अधिक का नुकसान तोडफोड़ व आगजनी की वजह से हुआ है। हमलावरों में एक महिला के शामिल होने की आशंका संचालक ने जताई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

SJU Social Justice Union

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## जिला प्रशासन और पहाड़ी बकरा, जशप्योर की टीम के साथ बाइक यात्रा के लिए देश भर से आए हैं प्रकृति प्रेमी

**जशपुर** | आरएनएस



जिला प्रशासन और पहाड़ी बकरा और जशप्योर के सहयोग से जशपुर में पर्यटन एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए आयोजित होने वाली बाइक यात्रा में दूर-दूर से लोग आकर्षित हो रहे हैं। जशपुर में 6 से 10 नवम्बर तक विभिन्न पर्यटन स्थल का यात्रा करेंगे पुणे से तुषार गोवर्धन और सागर तथा मुंबई से शुभम गंभीर के साथ-साथ ओडिशा से आकाश, उत्तम, उत्कर्ष और बंगाल से अमित घोष जैसे बाइकर्स ने वेबसाइट पर देशदेखा क्लाइंबिंग सेक्टर के बारे में पढऩे के बाद इस खूबसूरत जगह की यात्रा करने के लिए प्रेरित हुए हैं और बिलासपुर से अपनी यात्रा शुरू कर दी है। पहला पड़ाव जशपुर बनाएंगे। यहां वे स्थानीय व्यंजनों का स्वाद चखेंगे और देशदेखा क्लाइंबिंग सेक्टर में रॉक क्लाइंबिंग का रोमांच अनुभव करेंगे।

इसके बाद, यात्री पांड्रापाट में ऑफबीट कैंपिंग का आनंद लेने के लिए रवाना होंगे, और फिर मक्करभज्जा जलप्रपात की यात्रा करेंगे। यात्रा के दौरान, वे स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए कई स्थानों की सफाई भी करेंगे।

जशपुर टूर के दौरान सभी पर्यटकों को जशप्योर के सेहतमंद एवं पौष्टिक उत्पाद जैसे की मिलेट कूकीज, पास्ता, लाडू एवं विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक चायों के स्वाद से भी रूबरू कराया जायेगा एवं वे महुआ सेंटर और मंथन फ़ूड लैब में जशपुर की आदिवासी महिलाओं से उनके अनुभव साझा करंगे 7 बातचीत करके बाइकर्स स्थानीय संस्कृति और जीवनशैली के बारे में अधिक जान पाएंगे। खासकर, तुषार जो खुद एक जैविक किसान भी हैं, वे स्थानीय आदिवासियों से जैविक खेती के तरीकों के बारे में सीखने के लिए उत्सुक हैं।

इस तरह की पहल न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैलाएगी। बाइकर्स के इस साहसिक कार्यक्रम से जशपुर और आसपास के क्षेत्रों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। स्थानीय लोगों के लिए भी यह एक अवसर होगा कि वे अपने क्षेत्र की खूबसूरती को एक नए नजरिए से देखें।

यह यात्रा जशपुर जिला प्रशासन के उन प्रयासों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिनके माध्यम से जिले को एक ऐसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां पर्यावरण अनुकूल और स्थायी पर्यटन मॉडल को बढ़ावा दिया जाता है। यह यात्रा न केवल पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव करने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि स्थानीय समुदायों के जीवन और संस्कृति से भी रूबरू कराती है। जशपुर जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों से न केवल जिले का विकास होगा बल्कि यह अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। जशपुर प्रशासन का यह प्रयास दर्शाता है कि कैसे एक छोटा सा जिला भी बड़े पैमाने पर सकारात्मक बदलाव ला सकता है।